## महत्वपूर्ण एवं खास

### ग्रामीण की हत्या कर कुंए में फेंकी लाश

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** जिले के ग्राम पसरा में हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां ग्रामीण की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर उसकी लाश को कुएं में फेंक दिया गया था। मामला कोटवानी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार कोटवानी थाना पुलिस को ग्राम पसरा में एक व्यक्ति की कुंए में लाश होने की सूचना मिली। जिसपर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक की पहचान मुन्ना राम चेरवा (40 वर्षीय) के रूप में हुई है। मृतक की गला रेत कर हत्या की गई तथा उसकी लाश को कुंए में फेंक दिया गया था। हत्या किसने की है अभी इसकी जानकारी नही मिल पाई है। वहीं इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फिलहाल मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### आईईडी की चपेट में आकर एक जवान घायल

**नारायणपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के तोयामेटा के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। बुरी तरह जख्मी जवान को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना से जिला सुरक्षा बल और डीआरजी की संयुक्त टीम रोड सुरक्षा ऑपरेशन के लिए रवाना हुई थीथ्। इसी दौरान दोपहर लगभग 2 बजे तोयमेटा व कवानार के बीच जंगल में आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी का एक जवान घायल हो गया है। जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर लाया गया है। फिलहाल घायल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई जा रहे रही है।

### रायपुर के रहवासी इलाके में दिखा जंगली सियार, दहशत में आए रहवासी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के निजी कॉलोनी में जंगली जानवर दिखने से लोग दहशत में हैं। देर रात 2-3 बजे सड्डू कैपिटल सिटी फेस वन में जंगली सियार दिखा। सीसीटीवी में तस्वीर कैद हुई। इससे इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सड्डू कैपिटल सिटी फेस वन में जंगली सियार दिखा है। इससे लोग दहशत में है। कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरे में सियार घूमते हुए दिखा है। वहीं वन अमला भी अलर्ट मोड पर है।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम केसला के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं उसके पति व दो बच्चों को चोट आई है। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका जागृति यादव पति सुरेन्द्र यादव 30 वर्ष ग्राम पाड़ाभाट की रहने वाली थी। बताया जाता है कि जागृति अपने पति व दो बच्चों के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 एचडब्ल्यू 0497 से कहीं जा रही थी, तभी ग्राम केसला के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 07 एनए 5201 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार जागृति की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# संभागायुक्त महादेव कावरे के कैंप कोर्ट का रायगढ़ में हुआ शुभारंभ

- सभी प्रकरण ऑनलाइन करें दर्ज: संभागायुक्त महादेव कावरे
- एसएमएस से मिलेगी सुनवाई की सूचना, पक्षकारों और अधिवक्ता के नंबर अपील में अनिवार्य रूप से उल्लेख करने के निर्देश
- हर माह के तीसरे शुक्रवार को संभागायुक्त कावरे रायगढ़ के कैंप कोर्ट में करेंगे सुनवाई



**रायगढ़**

रायगढ़ में आज से संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायगढ़ कलेक्ट्रेट में अपने कैंप कोर्ट की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कोर्ट में लगे 448 प्रकरणों में सुनवाई की।

संभागायुक्त कावरे ने इस मौके पर कमिश्नर कोर्ट में सुचारू काम-काज की दृष्टि से सभी प्रकरणों को ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कमिश्नर कोर्ट में आने वाले प्रकरणों की अच्छे से जांच कर उसे आगे बढ़ाएं। अपील में लगने वाले प्रकरणों में पक्षकारों और अधिवक्ता गणों के मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज हों। जिससे संबंधितों को सुनवाई से जुड़ी सूचनाएं एसएमएस के माध्यम से अग्रिम रूप से प्राप्त हो। उन्होंने पक्षकारों की पैरवी के लिए उपस्थित होने वाले अधिवक्ता गणों को वकालत नामा प्रस्तुत करने और उसमें अनिवार्य रूप से अपना कांटैक्ट नंबर अंकित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि संभागायुक्त महादेव कावरे ने 20 जनवरी 2025 को रायगढ़ में कैंप कोर्ट में सुनवाई के संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके तहत संभागायुक्त कावरे रायगढ़ जिले से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को रायगढ़ कलेक्ट्रेट में करेंगे।

## संभागायुक्त कावरे स्वामी आत्मानंद स्कूलों में निर्माण कार्यों की जांच में पहुंचे

- शासन ने संभागायुक्त की अध्यक्षता में स्वामी आत्मानंद स्कूलों की जांच के लिए गठित की है समिति



**रायगढ़**

संभागायुक्त महादेव कावरे आज स्वामी आत्मानंद नटवर स्कूल और चक्रधर नगर स्कूल में निर्माण कार्यों की जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने स्कूल में क्लासेज, लैब, लाइब्रेरी, शौचालय सहित भवन में सभी निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान लोक निर्माण और स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के संबंध में संभागायुक्त कावरे ने कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में हुए डीएमएफ और सीएसआर से हुए निर्माण और मरम्मत कार्यों की जांच के लिए राज्य शासन द्वारा संभागायुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। नटवर स्कूल को डीएमएफ से 3 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है तथा चक्रधर नगर स्कूल में सीएसआर से 49 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। इससे हुए निर्माण कार्यों की आज संभाग स्तरीय टीम के साथ जांच की गई। इसमें चीफ इंजीनियर, ज्वाइंट डायरेक्टर ट्रेजरी, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी सदस्य हैं। सभी की उपस्थिति में स्कूलों में हुए निर्माण कार्यों के औचित्य और गुणवत्ता की जांच की गई है। इसकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वेंकट राव, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डीएमसी नरेंद्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार सतनामी समाज के 112 युवाओं को हाईकोर्ट ने दी जमानत

**बिलासपुर ।** आरएनएस



बलौदाबाजार हिंसा मामले में गिरफ्तार सतनामी समाज के 112 युवाओं को बड़ी राहत छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट देते हुए जमानत दे दी है। जस्टिस एन.के. व्यास की सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए इन सभी आरोपियों को जमानत मंजूर की है। इससे पहले भी इस मामले में 60 से अधिक आरोपियों को जमानत मिली चुकी है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में बलौदाबाजार में हुए हिंसा के मामल में गिरफ्तार आरोपियों की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। जस्टिस एन.के. व्यास की सिंगल बेंच ने सुनवाई करते हुए सभी आरोपियों को जमानत मंजूर कर ली और 112 लोगों को जमानत मिल गई है।

बता दें बलौदा बाजार में सतनामी समाज के द्वारा किये गये हिंसक प्रदर्शन के बाद पुलिस ने सैकड़ों लोगों को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में 29 जनवरी को हाईकोर्ट से भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सहित 15 से अधिक आरोपियों को जमानत मिली थी। वहीं एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने इसी मामले में गिरफ्तार किये गये कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को जमानत दी थी। यह भी बता दें कि बिते दिनों सतनामी समाज के लोगों की रिहाई और मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर गुरुवार को भीम आर्मी सीएम हाउस का घेराव करने निकली थी।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 : दूसरे चरण में हुआ 87.27 प्रतिशत मतदान

### धरमजयगढ़ में 86.18 और खरसिया में 88.82 प्रतिशत हुई वोटिंग

- 23 फरवरी को तीसरे और अंतिम चरण में लैलूंगा, घरघोड़ा और तमनार में डाले जाएंगे वोट

**रायगढ़**



त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण में धरमजयगढ़ और खरसिया विकासखंड में 20 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। दोनों ब्लॉक में मिलाकर कुल 87.27 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें धरमजयगढ़ में 86.18 और खरसिया में 88.82 प्रतिशत मतदान हुआ।

निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ के 118 और खरसिया के 81 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत बनाए गए कुल 469 मतदान केंद्रों में वोट डाले गए। जिसमें सुबह 09 बजे की स्थिति में खरसिया में 9.9 प्रतिशत और धरमजयगढ़ में 4.78 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह सुबह 11 बजे की स्थिति में धरमजयगढ़ में 16.16 एवं खरसिया 29.36 मतदान प्रतिशत था। इसी तरह दोपहर 1 बजे तक की स्थिति में धरमजयगढ़ में 55.07 एवं खरसिया में 49.54 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। वहीं मतदान समाप्ति पर धरमजयगढ़ में 86.18 और खरसिया में 88.82 प्रतिशत सहित कुल 87.27 प्रतिशत मतदान हुआ।

**दूसरे चरण में 2 लाख 17 हजार 517 मतदाताओं ने डाले वोट**

खरसिया एवं धरमजगढ़ के कुल 199 ग्राम पंचायतों के लिए 469 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जहां मतदाताओं ने ग्राम पंचायत के सरपंच और पंच पदों के साथ जनपद और जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान किया। जिसमें कुल 2 लाख 17 हजार 517 मतदाताओं ने वोट डाले। जिसमें 01 लाख 06 हजार 506 पुरूष मतदाता, 01 लाख 11 हजार 10 महिला मतदाता एवं 1 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है। जिसमें खरसिया ब्लॉक के 81 ग्राम पंचायतों के लिए 183 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहां कुल 91 हजार 89 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें 45 हजार 07 पुरुष मतदाता एवं 46 हजार 82 महिला मतदाताओं ने वोट डाले। इसी प्रकार धरमजयगढ़ विकासखंड के 118 ग्राम पंचायतों के लिए 286 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जहां कुल 1 लाख 26 हजार 428 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 61 हजार 499 पुरुष मतदाता एवं 64 हजार 928 महिला मतदाता तथा 1 तृतीय लिंग मतदाता शामिल है।

**तीसरे चरण के लिए 23 फरवरी को होगा मतदान**

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत तृतीय और अंतिम चरण में 23 फरवरी को लैलूंगा, तमनार और घरघोड़ा ब्लॉक में मतदान संपन्न होगा।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मोहन राणा का मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में हुआ सफल ऑपरेशन

- ट्रक दुर्घटना के बाद उनके बाएं छाती और बायी पेट पर लगी थी गंभीर चोट
- सफल ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों की देख-रेख में सर्जरी रोग विभाग में भती है मरीज

**रायगढ़**



गत दिवस 14 फरवरी की शाम 6.40 बजे लोईंग के रहने वाले 50 वर्ष वर्षीय मोहन राणा को सड़क दुर्घटना के पश्चात गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज रायगढ़ के आपातकालीन चिकित्सा विभाग में लाया गया। उनका एक्सीडेंट लोईंग रोड रायगढ़ में ट्रक से हुआ था, दुर्घटना के बाद उनके बांए छाती और बायी ओर पेट पर गंभीर चोट लगी थी। जिनके कारण बायी ओर का फेफड़ा और ऑत बाहर आ गया था और डायाफ्राम में भी गंभीर चोट लगी थी। डायाफ्राम मानव शरीर में श्वांस की क्रिया के लिए मुख्य मांसपेशी होती है। साथ ही बायी ओर छटी पसली के नीचे सारी हड्डी टूटी हुई थी इस जटिल ऑपरेशन कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टरों की टीम ने मरीज की जान बचायी। मोहन राणा का सफल ऑपरेशन डीन डॉ.विनीत जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक किया गया।

ऑपरेशन के संबंध में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने बताया कि आपातकालीन विभाग से सर्जरी और निश्चेतना विभाग टीम ने सर्वप्रथम मरीज मोहन राणा को गंभीर अवस्था से बाहर निकाला फिर तत्काल ही सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले गए। ऑपरेशन के दौरान बड़ी आत में छेद भी मिला और डायाफ्राम का बड़ा हिस्सा नष्ट होने के कारण उसे मेश से रिपेयर किया गया। ऑपरेशन के दौरान सर्जरी और निश्चेतना विभाग की टीम ने मरीज के गंभीर अवस्था में रहने के बावजूद 5 घंटे चली सर्जरी को सफल किया। सर्जरी के बाद आईसीयू में गहन निरीक्षण में रखा गया। इस दौरान लगातार विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम गहन चिकित्सा ईकाई आईसीयू में ही उपस्थित रहे। 17 फरवरी 2025 को मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और 18 फरवरी 2025 से आईसीयू में चलना शुरू कर दिया। अभी मरीज मोहन राणा की स्थिति अच्छी है और वह अपनी दैनिक कार्य शुरू कर दिये है। आज मरीज को सर्जरी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया हैं। ऑपरेशन काफी चुनौतीपूर्ण था डॉक्टरों की कुशल टीम ने संभव कर दिखाया। ज्ञात हो कि स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में लगातार मरीजों का बेहतर इलाज हो रहा है।

सर्जरी टीम में विभागाध्यक्ष डॉ.अनिल कुमार हरिप्रिया, डॉ.एस.के.माने सहप्राध्यापक, डॉ.खेम सागर पटेल सहायक प्राध्यापक, डॉ.नेहा श्रीवास्तव सीनियर रेसिडेंट, निश्चेतना विभाग टीम के विभागाध्यक्ष डॉ. ए.एम.लकड़ा, डॉ.लक्ष्मी यादव, डॉ.अमितेश पाण्डेय, डॉ.हरप्रीत साहू द्वारा जटिल ऑपरेशन को सफलता पूर्वक किया।

## स्कूल के वॉशरूम में धमाका, चौथी की बच्ची घायल

**बिलासपुर-रायपुर ।** आरएनएस



न्यायधानी में आज उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब शहर में यह बात फैली कि एक स्कूल के टॉयलेट में जोरदार ब्लास्ट हुआ और हादसे में कक्षा 4 की एक बच्ची घायल हो गई। आनन-फानन में यहां पुलिस और डॉग स्कवाड की टीम पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। सूत्रों ने बताया कि घटना सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल की है। जानकारी के मुताबिक चौथी कक्षा की बच्ची इस ब्लास्ट में झुलस गयी है। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक सोडियम की वजह से ब्लास्ट हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक अन्य कक्षा के छात्रों ने टॉयलेट सीट पर सोडियम रखा था। हालांकि जिस तरह से एल्युमिनियम फॉयल में लपेट कर सोडियम रखा गया था, वो साजिश की तरफ भी इशारा कर रहा है। सोडियम के पानी के संपर्क में आने पर टॉयलेट में धमाका हो गया। इधर, छात्रा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी है। जिसके बाद तुरंत ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गयी है।

## इसरो के वैज्ञानिक आएंगे छत्तीसगढ़

**रायपुर ।** आरएनएस



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल नई दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चेयरमैन वी. नारायणन ने भेंट कर छत्तीसगढ़ में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के उपयोग से कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में नवाचारों को बढ़ावा देने पर गहन चर्चा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ में सैटेलाइट आधारित सर्वेक्षण, भू-मानचित्रण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि, जल संसाधन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में तकनीकी नवाचारों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इसरो के सहयोग से हम इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कार्य करेंगे, जिससे किसानों को अधिक सटीक जानकारी मिले और राज्य के विकास को गति मिले। बैठक में बताया गया कि इसरो का एक विशेषज्ञ दल जल्द ही छत्तीसगढ़ का दौरा करेगा और राज्य में सैटेलाइट इमेजरी, जीआईएस तकनीक और डेटा विश्लेषण के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत अध्ययन करेगा। इसके तहत राज्य में मृदा स्वास्थ्य विश्लेषण, जल स्रोतों का सटीक आकलन, बाढ़ और सूखे की भविष्यवाणी, और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए डेटा-संचालित निर्णय लेने की प्रणाली विकसित की जाएगी।

## आईआईएम रायपुर से करें पीएचडी, हर महीने मिलेंगे 50 हजार

**रायपुर ।** आरएनएस



प्रबंधन संस्थान यानी आईआईएम रायपुर ने अपने फुल-टाइम पीएचडी प्रोग्राम 2025 के लिए एप्लीकेशन लेना शुरू कर दिया है. इस प्रोग्राम के लिए एप्लीकेशन की आखिरी तिथि 10 मई 2025 निर्धारित की गई है.

चार साल के इस डॉक्टोरल प्रोग्राम रायपुर पूरी तरह से फंडिंग करने वाला है. आईआईएम रायपुर का उद्देश्य रिसर्चर्स को 100त्न फंडिंग करना है इससे मजबूत एकेडमिक स्ट्रेंथ और ग्लोबल रिसर्चर्स संस्थान के प्रति आकर्षित होंगे. चुने गए कैंडिडेट्स को पूरे कार्यक्रम के दौरान आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी.

एप्लीकेशन के लिए कैंडिडेट्स को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एप्लीकेशन करना होगा. ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अधिक जानकारी भी जो कैंडिडेट्स अप्लाई करना चाहता हैं वो आधिकारिक पोर्टल पार जाकर माध्यम से ऑनलाइन एप्लीकेशन करना होगा. एप्लीकेशन में कुछ दस्तावेजों की स्कैन की गई कॉपी अपलोड करनी होगी. इनमें शैक्षिक अंक पत्र और प्रमाणपत्र, योग्यता परीक्षा के स्कोरकार्ड, कैटेगरी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), रिसर्च प्रपोजल्स शामिल हैं. हासिल कर सकते हैं. अपडेट पाने के लिए कैंडिडेट्स नियमित रूप से वेबसाइट चेक करते रहें.

एप्लीकेशन करने के लिए कैंडिडेट्स को शैक्षिक योग्यताएं दिखानी होंगी. आवेदक के पास खास एग्जाम्स में से एक का वैलिड स्कोरकार्ड होना चाहिए. जो 1 जुलाई, 2023 या बाद में प्राप्त किया गया हो.

एजुकेशनल एलिजिबिटी-

आईआईएमएस या समकक्ष संस्थान से मास्टर डिग्री जिसमें न्यूनतम 55त्न अंक या बराबर ग्रेड होने चाहिए.

पेशेवर योग्यताएं जैसे चार्टर्ड अकाउंटेंट , इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट्स डिग्री, या डिग्री के साथ कंपनी सेक्रेटरी और न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए.

चार साल या 8 सेमेस्टर बैचलर डिग्री जिसमें इंजीनियरिंग (हो और उसमें ष्ट्रत्रक्क 6.5 होने चाहिए.

किसी भी विषय में पांच साल की इंटीग्रेटेड मास्टर डिग्री, 10+2 के बाद न्यूनतम 60 % अंक के साथ.

आरक्षित श्रेणियों के लिए छूट - अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और विकलांग कैंडिडेट्स को शैक्षिक योग्यताओं में 5% की छूट प्रदान की जाएगी.

कितने आर्थिक सहायता मिलेगी

आईआईएम रायपुर की ओर से चार साल के पीएचडी प्रोग्राम के लिए चुने गए छात्रों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के बारे में स्पष्ट जानकारी दी गई है. चुने गए कैंडिडेट्स को पहले और दूसरे साल में 50,000 रुपये हर महीने मिलेंगे. यह पैसे तीसरे और चौथे साल में बढक़र 55,000 रुपये प्रति माह हो जाएगी. जब वे समग्र परीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे. इसके अतिरिक्त, कैंडिडेट्स को अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए चार सालों में 2,00,000 तक की आर्थिक सहायता मिलेगी. संस्थान एक आकस्मिक अनुदान और एक बार का लैपटॉप भत्ता भी 50,000 रुपए तक प्रदान करेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480